# हिन्दुस्तान

रविवार
3 अगस्त 2025, बरेली

भरोसा नए हिन्दुस्तान का



**PAGE NO : 05 TOP**

# दूसरे दिन भी हुए कड़े मुकाबले, फाइनल आज

## टेबल टेनिस

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** 12वां श्रीराम मूर्ति स्मार्क, तीसरे उत्तर प्रदेश राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में शनिवार को दूसरे दिन कई मुकाबले खेले गए। रविवार को समापन कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

कैडेट गर्ल्स (अंडर 13) प्री क्वार्टर फाइनल में अनघ सुंद्रियाल (गौतमबुद्ध नगर) जीते। शनिवार को पुरुष प्री-क्वार्टर में दिव्यांश श्रीवास्तव (लखनऊ), आर्यन यादव (प्रयागराज), श्रीधर जोशी (गौतमबुद्ध नगर), अंश सभरवाल (सहारनपुर), सत्यम गिरी गुप्ता (कानपुर), अद्वित गुप्ता (कानपुर), कौशिक छेत्री (प्रयागराज), सार्थ मिश्रा (गाजियाबाद) जीते। वहीं होप्स बॉयज (अंडर 11) के क्वार्टर फाइनल में आर्यवीर बोरा (गौतमबुद्ध नगर), प्रणित अग्रवाल (लखनऊ), आदविक अग्रवाल (गाजियाबाद), दुर्वक (कानपुर) जीते। होप्स गर्ल्स (अंडर 11) के क्वार्टर फाइनल में अंशिका गुप्ता (प्रयागराज), रियांशी गर्ग (इटावा), प्रेक्षा तिवारी (कानपुर), इनाया फातिमा (आगरा) जीतीं।



एसआरएमएस में हो रहे 12वें श्रीराम मूर्ति स्मारत, तीसरे उत्तर प्रदेश राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में खेलते खिलाड़ी। • हिन्दुस्तान

सब-जूनियर बालक (अंडर 15) के क्वार्टर फाइनल में केशव खंडेलवाल (आगरा), लक्ष्य कुमार (लखनऊ), अर्नव थापा (गाजियाबाद), आशुतोष गुप्ता (कानपुर) जीते। लड़कियों के सब-जूनियर (अंडर 15) के क्वार्टर फाइनल में अंकिशा मिश्रा (आगरा), अंशिका गुप्ता (प्रयागराज), अनोखी केसरी (वाराणसी), शालिनी देवी (प्रयागराज) जीतीं।

जूनियर गर्ल्स (अंडर 17) के प्री क्वार्टर फाइनल में याशिका तिवारी (गाजियाबाद), श्रेया कुकरेती (गौतमबुद्धनगर), अवनीत कौर (गाजियाबाद), समृद्धि शर्मा (गौतमबुद्धनगर), सुहानी अग्रवाल (आगरा), अंकिशा मिश्रा (आगरा), साक्षी तिवारी (लखनऊ), अनोखी केशरी (वाराणसी) जीतीं।

कैडेट गर्ल्स (अंडर 13) के प्री क्वार्टर फाइनल में शौर्या गोयल, विक्रम दुबे (गाजियाबाद), अनघ सुंद्रियाल (गौतमबुद्ध नगर), रुद्र मिश्रा (गाजियाबाद), प्रकुल कुमार (गौतमबुद्धनगर), दुर्वक (कानपुर), वेदांत गुप्ता (गाजियाबाद), लक्ष्य कुमार (लखनऊ) विजेता बने।